हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 26 सितंबर 2025




तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

विडंबना : स्कूल भवन जर्जर, बच्चे बरामदे में पढ़ने को हैं मजबूर..!



खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार

## खबर संक्षेप

### ग्रामीण पर भालू ने किया हमला, हालत गंभीर

**रायगढ़।** चक्रधर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत भालू ने खेत में काम कर रहे एक ग्रामीण पर हमला कर दिया, जिससे उसके जांघ में गंभीर चोट आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही वन अमला मौके पर पहुंची और घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया। जानकारी के अनुसार नत्थु राठिया (60) सपनई बीट के ग्राम बलभद्रपुर के रहने वाले हैं। हर रोज की तरह वह बुधवार की दोपहर भी अपने खेत में काम कर रहे थे। तभी पास की झाड़ियों से निकलकर अचानक भालू ने उन पर हमला कर दिया। भालू ने बुजुर्ग के जांघ को काट लिया। बुजुर्ग की चीख पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिन्हें आते देख भालू भाग निकला। बताया जा रहा है कि भालू के साथ उसके शावक भी थे और इसी वजह से उसने अचानक ग्रामीण पर हमला कर दिया। घटना के बाद फौरन इसकी सूचना वन अमला को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिसर रक्षक सपनई मौके पर पहुंचे और तत्काल घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया, जहां बुजुर्ग का इलाज जारी है। घायल को आर्थिक सहायता राशि भी दी गई है। साथ ही ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की गई है।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** कोतरारोड़ पुलिस ने शादी का प्रलोभन देकर युवती से लगातार शारीरिक शोषण करने वाले फरार आरोपी सोनुमुड़ा नवापारा निवासी 26 वर्षीय आतिश द्वितीया पिता रमेश कुमार द्वितीया को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है। घटना को लेकर 12 सितंबर को पीड़िता ने थाना कोतरारोड़ में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत में युवती ने बताया कि करीब चार साल पहले उसकी पहचान फेसबुक के माध्यम से आतिश चौहान से हुई थी। बातचीत बढ़ने पर आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर विश्वास में लिया और अप्रैल 2023 में अपने दोस्त के घर से घुमाने के बहाने मोटरसाइकिल में बैठाकर कोकडीतराई स्थित परिचित के मकान में ले गया। वहां पहली बार उससे शारीरिक संबंध बनाया और इसके बाद अलग.अलग जगहों पर कई बार शोषण करता रहा। पीड़िता ने कई बार शादी की बात उठाई, लेकिन आरोपी हर बार टालमटोल करता रहा। आखिरकार 11 सितंबर को आरोपी ने साफ शब्दों में शादी से इंकार कर दिया और उसे जान से मारने की धमकी भी दी। लगातार धोखे और उत्पीड़न से परेशान युवती ने थाना पहुंचकर मामला दर्ज कराया। पुलिस ने उसकी रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया। थाने में एफआईआर की जानकारी पाकर आरोपी फरार हो गया था। उप निरीक्षक कुसुम कैवर्त ने पीड़िता का बयान दर्ज कर मेडिकल जैसी महत्वपूर्ण कार्यवाही पूरी की। इस बीच गुरुवार को आरोपी की मौजूदगी की सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए दबिश देकर उसे गिरफ्तार किया और न्यायालय में पेश कर रिमांड पर भेज दिया।

### धनागर में फरमान से ग्रामीण नाराज, कहा यह टैक्स वसूलने का यह कैसा तरीका

# गरीबों के पेट पर डाका : मकान टैक्स जमा करने पर ही दिया जा रहा राशन वरना लौटा रहे बैरंग..!

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ग्राम धनागर में मकान टैक्स के नाम पर गरीबों के पेट पर डाका डाला जा रहा है। उचित मूल्य की दुकान राशन लेने जा रहे ग्रामीणों को पहले 200 रुपए टैक्स जमा करने पर ही राशन दिया जा रहा है। जिसके पास टैक्स देने रुपए नहीं है तो उन हितग्राहियों को बैरंग लौटा दिया जा रहा है। यह तानाशही फरमान सरपंच ने जारी किया है, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। कुछ युवाओं ने कहा कि यह टैक्स वसूलने का कैसा तरीका है। ऐसे में इस तरह के कृत्य पर तत्काल रोक लगनी चाहिए।

दरअसल शहर की तरह गांवों में भी ग्रामीणों को टैक्स जमा करना अनिवार्य है। इसके लिए ग्रामीण मनाही भी नहीं कर रहे हैं, लेकिन गांव के सरपंच द्वारा टैक्स वसूलने के लिए अजीबों-गरीब तरीका अपनाया गया है। उनके द्वारा पंचायत की तरफ से यह फरमान जारी कर दिया गया है कि जब तक ग्रामीण टैक्स जमा नहीं करेंगे उन्हें उचित मूल्य की दुकान से राशन नहीं दिया जाएगा और ऐसा किया भी जा रहा है। जबकि सरपंच के इस कृत्य से गरीबों के पेट पर डाका पड़ रहा है। शासन से मिलने वाले चावल से ही उनके और उनके परिवार का पेट भरता है, इसे भी रोक दिया जाए तो वो भूखे मर जाएंगे। अधिकांश ग्रामीणों की इतनी हैसियत नहीं कि वो दुकान से राशन खरीद सकें। ग्रामीणों की मानें तो पंचायत की तरफ से टैक्स पटाने के लिए शिविर लगाना चाहिए, जिनके द्वारा समय पर टैक्स जमा नहीं किया जाता उन पर नगर निगम की तरह पेनाल्टी लगानी चाहिए। इस तरह सरकार से गरीबों को मिलने वाले राशन को रोक देना किसी भी हाल में उचित नहीं है। इस पर शासन-प्रशासन को संज्ञान लेना चाहिए।



#### अब प्रकाश और जल का भी टैक्स लूंगा : सरपंच

इस संबंध में धनागर गांव के सरपंच मयाराम उरांव से बात की गई तो उन्होंने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि आज के जमाने में किसी को टैक्स मांगे तो मिलने वाला नहीं है। इसीलिए उचित मूल्य की दुकान में पंचायत की तरफ से टैक्स वसूलने के लिए एक व्यक्ति को बैठाए हैं। इसके बाद भी ग्रामीण टैक्स जमा करने में आनाकानी कर रहे हैं, इसलिए उचित मूल्य की दुकान से मिलने वाले चावल पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। क्योंकि टैक्स वसूलने की जिम्मेदारी पंचायत की है और जनपद पंचायत से मुझे अधिकार मिला है, हम अपने स्तर से वसूली कर रहे हैं। बात रही धांधली की तो जो भी शिकायत कर रहे हैं वो 5 अक्टूबर को पता कर लेंगे कि जितने भी लोगों से टैक्स लिए गए हैं वो पैसा कहां है। अभी तो मैनें मकान टैक्स लेना शुरू किया है, आगे प्रकाश और नल जल का भी टैक्स लूंगा। क्योंकि गांव को सुविधा दे रहा हूं तो टैक्स तो लूंगा ही। टैक्स नहीं लूंगा तो हमारे पंचायत का राजस्व कैसे बढ़ेगा, गांव विकास कैसे करेगा।

#### कलेक्टर, एसपी से शिकायत करने के बाद भी नहीं हुई कोई सुनवाई

ग्रामीण युवक सुरेन्द्र सागर ने बताया कि गांव में करीब 900 राशनकार्डधारी हैं, यहां चार दिन तक राशन बंटता है। राशन वितरण के शुरुआती दिनों में राशन लेने पहुंचे हितग्राहियों को पता चला कि पहले उन्हें 200 रुपए मकान टैक्स जमा करना पड़ेगा तभी राशन मिलेगा तो उनके होश उड़ गए। क्योंकि अधिकांश हितग्राहियों के पास पैसे नहीं थे, जिससे उन्हें बैरंग लौटा दिया गया। इसके बाद उन्होंने मामले की शिकायत कलेक्टर व एसपी से की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

#### रसीद बुक में सरपंच, सचिव के हस्ताक्षर ही नहीं, धांधली की आशंका

ग्रामीणों ने बताया कि उचित मूल्य की दुकान में मुरली पटेल नामक व्यक्ति को बैठा दिया गया, जोकि रसीद बुक लेकर लोगों से टैक्स वसूली कर रहा है। खास बात यह है कि उक्त रसीद बुक में सरपंच, सचिव के हस्ताक्षर ही नहीं है और न ही कोई सील, थप्पा लगा है। सरपंच के स्थान पर मुरली पटेल खुद हस्ताक्षर कर रहा है। इस पर ग्रामीणों ने सरपंच से बात की तो उन्होंने कहा कि मुरली पटेल को टैक्स वसूली के लिए पंचायत की ओर से अधिकृत किया गया है, जिससे ग्रामीण इसमें भ्रष्टाचार की आशंका व्यक्त कर रहे हैं और मामले में जांच की मांग कर रहे हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों को टैक्स जमा करना अनिवार्य है, लेकिन धनागर गांव में टैक्स नहीं देने पर शासकीय राशन का वितरण नहीं किया जा रहा है यह गलत है। आपके माध्यम से मुझे जानकारी मिली है, मैं इसे दिखवाता हूं।

**जितेन्द्र यादव**, सीईओ, जिला पंचायत



### गर्म राख से झुलस कर श्रमिक की मौत जांच में जुटी पुलिस

**रायगढ़।** पूंजीपथरा थाना क्षेत्र के अग्रोहा स्टील प्लांट में कार्य करते समय एक मजदूर की गर्म राख से झुलस कर मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंचीऔर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मृतक उमेश चौहान पिता उदय चौहान (19) ग्राम चवंरपुर, थाना लैलूंगा का रहने वाला था वहीं तीन माह से प्लांट में लेबर का काम कर रहा था। बुधवार की दोपहर करीब 12.30 बजे वह ए-शिफ्ट में प्लांट में काम कर रहा था। इसी दौरान गर्म राख खाली करते समय राख उसके ऊपर गिर गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गंभीर रूप से झुलसे युवक को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की मौत के बाद पुलिस ने मर्ग पंचनामा और पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने हादसे की वजह और किसी भी लापरवाही के पहलुओं की जांच शुरू कर दी है।

## कोतवाली थाना क्षेत्र में फिर हुई चोरी सूने मकान से 9 लाख के जेवरात पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोतवाली थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने फिर एक बार आतंक मचाया है। इस बार सूने मकान को निशाना बनाते हुए बड़ी वारदात को अंजाम दिया। अज्ञात चोरों ने सोने-चांदी के जेवर और नगदी समेत लगभग 9 लाख रुपए के सामान को पार कर दिया है। घटना की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

दरअसल मधुबन पारा, पूछापारा तालाब के सामने रहने वाली पीड़िता ने पुलिस को बताया कि 28 अगस्त की रात परिवारिक विवाद के चलते वह मकान में ताला लगाकर अपने मायके पतरापाली चली गई थी। 21 सितंबर की शाम करीब 5 बजे जब वह अपने भाई के साथ घर लौटी तो मुख्य दरवाजे पर लगा ताला गायब था और उसकी जगह दूसरा ताला लगा मिला। इतना ही नहीं घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के वायर भी कटे हुए थे। शक होने पर ताला तोड़कर जब पीड़िता घर के भीतर पहुंची तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। आलमारी का लाकर टूटा हुआ था और गहने-नकदी गायब थे। घटन की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के अपराध दर्ज किया है।



#### इन सामानों की हुई चोरी

अज्ञात चोरों ने सोने का हार 4 नग (175 ग्राम) सोने की अंगूठी 3 नग (30 ग्राम), सोने के कान का सेट 4 नग (60), चांदी की पायल 4 जोड़ी (250 ग्राम), आईफोन 16 प्रो मैक्स मोबाइल, नकदी दो लाख रुपए, कुल 9 लाख रुपए को पार कर दिया था।

#### हत्या की आशंका को लेकर घरघोड़ा पुलिस ने शुरू की जांच

## ससुराल में खून से लथपथ मिली दामाद की लाश, सिर पर गहरे चोट के निशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बुधवार की दोपहर घरघोड़ा थाना क्षेत्र के बरपाली गांव में उस वक्त हड़कंप मच गया जब 30 वर्षीय बलराम सारथी का गांव के पंचराम राठिया के आंगन में खून से लथपथ शव मिला। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। घटना की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तफ्तीश शुरू की। प्रारंभिक जांच में ही पुलिस को मामला हत्या का लग रहा है, क्योंकि मृतक के सिर पर चोट के निशान हैं। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

दरअसल मृतक बलराम सारथी पत्थलगांव के ग्राम गाला का रहने वाला था। उसने बरपाली की एक लड़की से प्रेम विवाह किया था। वर्तमान में दंपति के तीन छोटे बच्चे हैं। बताया जा रहा है कि बलराम करीब एक सप्ताह पहले ही अपने ससुराल बरपाली आया हुआ था। पुलिस ने इस मामले में संदेह के आधार पर एक नाबालिग आरोपी को हिरासत में लिया है और उससे सघन पूछताछ की जा रही है। इस बीच पूरे गांव में तरह.तरह की चर्चाएं गर्म हैं। कुछ लोग इसे पुरानी रंजिश का नतीजा बता रहे हैं तो कुछ लोग घरेलू विवाद की आशंका जता रहे हैं।



#### ससुराल पक्ष से विवाद की आ रही है खबर

यह भी जानकारी सामने आ रही है कि कुछ दिन पूर्व बलराम का अपने ससुराल पक्ष के लोगों के साथ कुछ विवाद हुआ था। गुरुवार को पुलिस की जांच को आगे बढ़ाते हुए फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वाड भी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसडीओपी सिद्धांत तिवारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हत्या के वास्तविक कारण का खुलासा हो सकेगा।

## पत्नी का हत्यारा गिरफ्तार

**रायगढ़।** छाल पुलिस ने एक अंधे कत्ल का राजफाश कर पत्नी की हत्या करने वाले पति को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम ऐडुकला की रहने वाली 26 वर्षीय शारदा की तबीयत 6 सितंबर को अचानक बिगड़ने पर उसके पिता और भाई उसे सीएचसी कटघोरा ले गए थेए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। 23 सितंबर को यह मर्ग डायरी जांच के लिए थाना कटघोरा से थाना छाल को सौंपी गई। थाना प्रभारी छाल निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी ने बारीकी से जांच शुरू की और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु की प्रकृति होमीसाइडल पाई गई। इस खुलासे के बाद मायके पक्ष व गांव के लोगों से पूछताछ की गई, जिसमें पता चला कि मृतका का पति धनेश्वर श्रीवास अक्सर उससे मारपीट करता था। पुलिस ने संदेह के घेरे में आए पति से सख्ती से पूछताछ की तो उसने कबूल किया कि 3 सितंबर की रात खाने में हुए विवाद पर उसने हाथ-पैर से पत्नी की जमकर पिटाई की थी। चोटों से उसकी हालत बिगड़ी और इलाज के दौरान उसकी जान चली गई। छाल पुलिस ने फॉरेंसिक टीम की मदद से क्राइम सीन री-क्रिएट कराया, महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए और आरोपी के कबूलनामे की वीडियो फोटोग्राफी भी की। इसके बाद आरोपी धनेश्वर श्रीवास को हत्या के अपराध में गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गयाए जहां से उसे रिमांड पर भेज दिया गया।



## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जूटमिल थाना क्षेत्र अंतर्गत नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी प्रकाश दास महंत उर्फ बाटू उर्फ बादशाह (34) को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश देवेंद्र साहू एफटीएसटी (पॉक्सो) न्यायालय रायगढ़ ने दोषसिद्ध कर 20 वर्ष के सश्रम कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है।

मामले के अनुसार अप्रैल 2024 से जून 2024 के बीच आरोपी ने 16 वर्ष से कम उम्र की किशोरी के साथ लगातार दुष्कर्म किया था, जिस पर थाना जूटमिल में आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, पॉस्को एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया था। एसपी दिव्यांग पटेल ने जिले के सभी विवेचना अधिकारी को निर्देश दिए थे कि ऐसे मामले में ठोस और अखंडनीय साक्ष्य जुटाए जाएं जिससे अदालत में आरोपी को कठोरतम सजा मिले। एसपी के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए उप निरीक्षक गिरधारी ने अथक परिश्रम से गवाहों के बयान, वैज्ञानिक साक्ष्य और दस्तावेजी प्रमाण जुटाए तथा केस को इस तरह प्रस्तुत किया कि अदालत में आरोपी अपनी सफाई में कुछ भी साबित नहीं कर सका। विवेचना अधिकारी की मेहनत और एसपी के मार्गदर्शन से अभियोजन पक्ष को मजबूत आधार मिला। अदालत में अपर लोक अभियोजक मोहन सिंह ठाकुर ने इन साक्ष्यों को मजबूती से पेश किया, जिसके बाद न्यायालय ने आरोपी को दोषसिद्ध कर 20 वर्ष सश्रम कारावास और अर्थदंड से दंडित किया।



## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से बदल रही जिंदगी

**रायगढ़।** खरसिया विकासखंड के मदनपुर गांव की मंजू थोरिया कभी हर महीने 2,500 से 3,000 रुपए तक का भारी भरकम बिजली बिल चुकाने को मजबूर थीं। यह खर्च उनके परिवार के घरेलू बजट पर गहरा असर डालता था। लेकिन प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से जुडऩे के बाद उनकी जिंदगी ने नई दिशा पकड़ ली है।

अब मंजू थोरिया को न केवल बिजली बिल भरने से मुक्ति मिली हैए बल्कि पिछले छह महीनों से उनका बिजली बिल ऋणात्मक आ रहा है। यह इसलिए संभव हो पाया क्योंकि उनके घर की छत पर लगाए गए सोलर पैनलों से उत्पन्न अतिरिक्त बिजली सीधे ग्रिड में जुड़ रही है। इस योजना के तहत मंजू को रूफटॉप सोलर लगाने के लिए मिलने वाली सब्सिडी भी मात्र सात दिनों के भीतर ही मिल गई। इससे शुरुआती लागत का बोझ काफी कम हो गया और परिवार को आर्थिक राहत मिली। मंजू के पति रश्मिरंजन बताते हैं कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ने हमें असली राहत दी है। अब हमें बिजली बिल की चिंता नहीं रहती बल्कि बचत भी हो रही है और घर की आमदनी पर सकारात्मक असर पड़ रहा है।



#### परिजनों ने मौत मामले में निष्पक्ष जांच की,

## प्रेमिका से मिलने गए युवक की संदेहास्पद मौत, चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत माइकल मिंज की संदेहास्पद मौत मामलें में गुरुवार को परिजनों और ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। ऐसे में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर नयापारा चौक, रैरुमा खुर्द में चक्काजाम कर दिया। इस दौरान मुख्य मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई है। तहसीलदार के आश्वासन पर करीब 6 घंटे बाद आन्दोलन समाप्त हुआ।

दरअसल 1 सितंबर की रात माइकल मिंज घर अपने प्रेमिका द्वारा फोन कर बुलाने पर उससे मिलने गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा। दूसरे दिन उसका शव गांव के खेत के पास एक पेड़ से लटका मिला। परिजनों ने इस घटना को संदिग्ध बताते हुए हत्या का आरोप लगाया है और पुलिस से गहन जांच की मांग की। परिजनों का कहना है कि सूचना देने के बावजूद पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच नहीं की। कई दिन बीत जाने के बाद भी अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे परिजनों और ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन और पुलिस मामले की अनदेखी कर रहे हैं, जिससे मृतक परिवार न्याय से वंचित है। इसी को लेकर गुरुवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक उन्होंने चक्काजाम कर दिया। इस दौरान करीब 250 ग्रामीणों ने आक्रोशपूर्ण नारेबाज़ी करते हुए न्याय की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि जब तक निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं होती आंदोलन जारी रहेगा।




#### मौके पर पहुंचे अधिकारी

चक्काजाम की सूचना मिलते ही एसडीओपी और तहसीलदार मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत की और भरोसा दिलाया कि एक सप्ताह के भीतर मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने आंदोलन खत्म किया। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि यदि तय समय में जांच और कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। परिजनों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि न्याय न मिलने पर वे बड़े स्तर पर प्रदर्शन करेंगे।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

ITI RAIGARH

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

• FITTER 2 Year (10th Pass)

उड़ीसा रोड़ , काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)

89595-93923 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### विधायक उमेश पटेल की पहल से छुहीपाली में लगा नया ट्रांसफार्मर



**नंदेली।** पूर्व मंत्री व खरसिया विधायक उमेश पटेल की पहल से रायगढ़ विकासखण्ड के ग्राम छुहीपाली ननसिया में देवलास के पास ट्रांसफार्मर लगने से ग्राम के लोगों में भारी हर्ष है। विदित हो कि मुख्य बस्ती में लगा ट्रांसफार्मर विगत दिनों जल गया था, जिससे ग्रामवासियों को मूलभूत सुविधाओं के लिए भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा था। ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीण जनों को पानी एवं मूलभूत समस्या से निजात मिला है। खरसिया विधायक उमेश पटेल से ग्राम छुहीपाली ननसिया निवासी नवीन पटेल, प्रतिनिधि चिंतामणी पटेल, सुरेश पटेल, राधे पटेल, रवि पटेल श्यामलाल पटेल, मदनलाल सिदार एवं अन्य ग्राम वासी द्वारा ट्रांसफार्मर जलने की सूचना देने के उपरांत विधायक उमेश पटेल ने विद्युत विभाग के अधिकारी एवं संबंधितों को निर्देशित करते हुए तत्काल ट्रांसफार्मर लगवाने के लिए कहा जिस पर विभाग द्वारा विधायक उमेश पटेल के निर्देश पर ग्रामवासियों के भावना के अनुरूप ट्रांसफार्मर लगाये जाने पर ग्राम में अत्यंत हर्ष व्याप्त है। ग्रामीणजनों द्वारा अपने विधायक को विशेष विशेष धन्यवाद देते हुए कृतज्ञता व्यक्त की गई है।

### नपा किरोड़ीमल नगर में श्रमदान कर की गई साफ-सफाई



**रायगढ़।** नगर पंचायत किरोड़ीमल नगर में रजत जयंती और स्वच्छता पखवाड़ा के तहत एक दिन, एक घंटा, एक साथ श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन मुख्य नगर पालिका अधिकारी देवेंद्र चंदेल की अध्यक्षता में की गई। इस अभियान में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष हरि किशोर चंद्र, पाषर्दगण कृष्णा चंद्रा, लखन साहू एवं मनीष शर्मा, अतुल शर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष किरोड़ीमल नगर, वाल्मीकि चौहान, संतोष साहनी, उप अभियंता प्रदीप पटेल, लेखापाल अरुण राठौर, विकास पटेल सहित नगर के गणमान्य नागरिक एवं ऑफिस के अन्य कर्मचारी गण शामिल हुए। श्रमदान के लिए छठघाट का चयन कर वृहद मात्रा में लोगों के द्वारा छठ घाट एवं मंदिर आसपास की सफाई की गई और लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया।

### किसानों के और करीब आएगा बैंक

**सुंदरगढ़।** सुंदरगढ़ जिला केंद्रीय सहकारी बैंक एसडीसी बी लिमिटेड की 69वीं वार्षिक आमसभा बैंक सभागार में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन, भगवान श्रीजगन्नाथ के भजन और बंदे उत्कल जननी गान के साथ हुई। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बीते वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट और वित्तीय विवरण प्रस्तुत किया, जिस पर विस्तृत चर्चा कर सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैंक ने बीते वर्ष अर्जित लाभ से 10 प्रतिशत लाभांश वितरित करने का निर्णय लिया। साथ ही यह भी तय हुआ कि बैंक की सेवाओं को किसानों और सहकारी समितियों तक और अधिक नजदीकी से पहुँचाया जाएगा। सभा में कृषि ऋण, व्यवसायिक सहायता, डिफॉल्ट ऋण वसूली और नयी सदस्यता पर विशेष चर्चा हुई। विभिन्न सहकारी समितियों व लैम्प्स प्रतिनिधियों ने किसानों के हित में योजनाएँ साझा कीं। इस अवसर पर उपाध्यक्ष नाबार्ड के डीडीएम जिला सहकारी अधिकारी कई वरिष्ठ अधिकारी, बैंक प्रबंधक, समितियों के अध्यक्ष और सौ से अधिक सदस्य मौजूद रहे। सभा के अंत में निदेशक ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

### आंकलन एवं परीक्षण शिविर का आयोजन 27 को

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार समाज कलयाण विभाग द्वारा 27 सितम्बर 2025 को जनपद मुख्यालय मनोरा में जिला स्तरीय आकलन एवं परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पेंशन समस्या का निवारण एवं सहायक उपकरण वितरण किए जाएंगे।

### सही प्रबंधन अपनाकर धान की फसल को बचाएं

# धान की फसल पर शीथ ब्लाइट रोग से किसानों को सतर्क रहने की सलाह



**रायगढ़।** जिले के कई ग्रामों में धान की फसल पर शीथ ब्लाइट रोग का प्रकोप सामने आया है। किसानों के स्थानीय बोलचाल में इसे चरपा बीमारी के नाम से जाना जाता है। यह एक तरह का फफूंद जनित रोग है, जो कि राइजोक्टोनिया सोलानी नामक फफूंद से होता है।

कृषि विज्ञान केन्द्र रायगढ़ के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ.बीएस राजपूत एवं डॉ.केएल पटेल के निर्देशन में वरिष्ठ अनुसंधान सहायक एवं पौध रोग विशेषज्ञ मनोज कुमार साहू ने शीथ ब्लाइट रोग के संबंध में जानकारी देते हुए किसानों को सतर्क रहने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र या कृषि विभाग के सतत मार्गदर्शन से उचित समय पर सही प्रबंधन अपनाकर धान की फसल को शीथ ब्लाइट रोग से होने वाले भारी नुकसान से बचाया जा सकता है। यह रोग धान में कंसे निकलने से गभोट की अवस्था तक मुख्य रूप से देखा जाता है। शीथ ब्लाइट, कवक जनित रोगजनक है, जो कि दुनिया भर में धान की फसलों को प्रभावित करने वाली एक प्रमुख रोग है, जिससे उपज में महत्वपूर्ण नुकसान होता है और अनाज की गुणवत्ता कम हो जाता है। यह रोग मुख्य रूप से पत्ती के आवरण और फलकों को निशाना बनाता है, जिससे पौधे की प्रकाश संश्लेषण और स्वस्थ अनाज पैदा करने की क्षमता बाधित होती है। रोग के प्रारंभ में संक्रमित पौधे के आवरण पर पानी के सतह के ठीक ऊपर अंडाकार या लम्बाकार धब्बे बनते हैं तथा बाद में ये धब्बे भूरे किनारों वाले और बीच से धूसर हो जाते हैं और ये धब्बे आपस में मिलकर बड़े घाव का रूप ले लेते हैं। संक्रमित पौधों के शीथ के धब्बे पर कॉटन जैसे फफूंद भी दिखाई देता है जहां स्क्लेरोशिया छोटे छोटे दाने भी बनाता है जो कवकनाशी दवाओं के प्रति प्रतिरोध प्रदान करता है, जिससे इसका नियंत्रित करना अधिक कठिन हो जाता है। रोग बढने पर पत्तियाँ समय से पहले सूख जाती हैं और दानों के भराव पर सीधा असर पड़ता है। रोग की तीव्र अवस्था में 15-20 दिनों के भीतर पूरी फसल प्रभावित हो सकती है। यदि बीमारी को जल्दी पकड़ लिया जाए और प्रभावी ढंग से प्रबंधित किया जाए तो उपज हानि को कम किया जा सकता है, संभवतः 5 से 10 प्रतिशत तक। रोग की मध्यम प्रगति के साथ, उपज हानि 20-30 प्रतिशत तक हो सकता है।

#### किसानों को सलाह

कृषि विज्ञान केन्द्र ने किसानों को सलाह दी है कि शीथ ब्लाइट रोग की पहचान होते ही तुरंत प्रबंधन करें, ताकि उत्पादन में गिरावट से बचा जा सके। इसके नियंत्रण के लिए नाइट्रोजन का अत्यधिक प्रयोग न करें, पोटाश का संतुलित प्रयोग करें। खेत में पानी का लगातार ठहराव न होने दें। धान के साथ दलहनी या तिलहनी फसलें लें। जैविक उपाय बीजोपचार एवं मिट्टी उपचार हेतु ट्राईकोडर्मा हरर्जियानम एवं स्यूडोमोनास फ्लोरोसेंस का प्रयोग करें। रासायनिक नियंत्रण के तहत हेक्साकोनाजोल 5 प्रतिशत एससी का 2 एम एल प्रति लीटर पानी या प्रोपिकोनाजोल 25 प्रतिशत ईसी का 1 एम एल प्रति लीटर या टेबुकोनाजोल 50 प्रतिशत डब्लू जी एवं ट्राईफ्लासीस्टोरबिन 25 प्रतिशत डब्लू जी का 0.5 ग्रा प्रति लीटर पानी या थिफ्लुजामाइड 24 प्रतिशत एस सी का 1 एम एल प्रति लीटर में से किसी एक फफूंदनाशी का छिड़काव करें। प्रथम छिड़काव के 15-20 दिनों के अंतराल में रोग की तीव्रता के आधार पर पुनः किसी अन्य फफूंदनाशी रसायन जो उपरोक्तानुसार सुझाव किए गए हैं का छिड़काव करें। लगातार एक ही फफूंदनाशक का प्रयोग करेंगे तो रोगजनक कवक में प्रतिरोध विकसित हो सकता है जो पादप रोगों के प्रभावी नियंत्रण को बाधित कर सकता है।



## मां बंजारी धाम में भक्तजनों का तांता हर दिन खिलाया जा रहा भंडारा

**तमनार।** केलो बनांचल आदिवासी बाहुल्य ओद्योगिक क्षेत्र तमनार में चहुंओर शारदीय क्वांर नवरात्रि की धूम है। रायगढ़ जिले के प्रसिद्ध सर्वशक्तिपीठ मां बंजारी धाम तराईमाल में हरदिन हजारों भक्तजनों का तांता लग रहा है। विशाल 3 दीपगृह में तेल व घृत मनोकामना ज्योति कलश में तमनार तहसील रायगढ़ ज़िला, छत्तीसगढ़, मप्र, बिहार, झारखण्ड, ओडिशा भारतवर्ष व विदेशों के विशिष्ट व्यक्तियों, प्रशासनिक अधिकारी, औद्योगिक प्रबन्धन ग्रामीणजनों सहित हजारो श्रद्धालुओं द्वारा दीप प्रज्वलित की गई है। मां बंजारी समिति अध्यक्ष कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के दिशा निर्देश, एसडीएम दुर्गा प्रसाद अधिकारी, तहसीलदार रिचा सिंह के मार्गदर्शन में भक्तजनों के लिए पूजा-अर्चना दर्शन, प्रसाद, पानी पार्किंग हर दिन भोजन भंडारा की बेहतर व्यवस्था का हरसम्भव प्रयास किया जा रहा है। कीर्तन भजन पार्टियों द्वारा भजन जगराता से पूरा माहौल भक्तिमय है। हर दिन प्रातः काल से ही सैकड़ों भक्तजनों द्वारा पूजा-अर्चना कर अपने परिवार क्षेत्र की सुख शांति समृद्धि की मंगल कामना की जा रही है। हर दिन दोपहर 12.30 बजे व संध्याकालीन आरती के बाद 8 बजे से हजारों आगंतुक श्रद्धालुओं के लिए भंडारा की व्यवस्था की गई है।

## स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**रायगढ़।** राज्य शासन के निर्देशानुसार स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत शिमलकर चलें, मिलकर बदलें थीम पर जिला पंचायत कार्यालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुषमा खलखो, श्रीमती लक्ष्मी पटेल एवं जिला महिला संरक्षण अधिकारी श्रीमती चैताली राय उपस्थित रहीं।

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन और जिला पंचायत सीईओ जितेन्द्र कुमार यादव के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान महिला कर्मचारियों के स्वास्थ्य सशक्तिकरण हेतु विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अनिल कुमार जगत ने बताया कि शिविर में महिला स्वास्थ्य पर विशेष जोर देते हुए मासिक धर्म स्वच्छता, पोषण, टीकाकरण, जीवनशैली गैर संचारी रोग एवं स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी सलाह दी गई। इसके अतिरिक्त महिलाओं के हीमोग्लोबिन स्तर की जांच कर एनीमिया की पहचान की गई तथा आवश्यकतानुसार आयरन और विटामिन सप्लीमेंट्स वितरित किए गए एवं संतुलित आहार अपनाने हेतु परामर्श दिया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत के अधिकारी कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की और स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं का लाभ उठाया। आयोजन को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया। इस दौरान शिक्षा विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारियों का भी पूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### सर्पदंश से गंभीर बालक युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** चांदो थाना अंतर्गत ग्राम मडवा निवासी संतोष कुमार आ. रीझू नाग (24 वर्ष) 22 सितंबर को खेत में लगी धान फसल में कीटनाशक छिड़काव करने गया था। जैसे ही युवक खेत में छिड़काव करने लगा तभी जहरीले सांप ने उसके पैर में डस लिया। युवक घर पहुंच कर परिजन को घटना की जानकारी दी। परिजन स्थानीय अस्पताल में उपचार कराने के पश्चात शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान आज सुबह युवक की मौत हो गई। इसी प्रकार दूसरी घटना में जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम कल्याणपुर निवासी सत्यम राजवाड़े आ. जीतन प्रसाद (6 वर्ष) गत दिन अपने नए घर में टांगी लेने गया था। बालक कमरे में टांगी ढूंढ रहा था तभी जहरीले सांप ने उसके अंगूठे में डस लिया। बालक ने सांप द्वारा डस लेने की जानकारी परिजन को दी। परिजन उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान बालक की मौत हो गई।

## नवरात्री व दशहरा मेले को लेकर प्रशासन ने ली बैठक



**खरसिया।** नवरात्रि एवं दशहरा मेले का संचालन व्यवस्थित करने के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा विशेष बैठक का आयोजन किया गया। स्थानीय विश्रामगृह में आहुत उक्त बैठक के दौरान व्यवस्था मूलक सभी बिंदुओं पर गंभीरता से विचार विमर्श किया गया। इस दौरान एसडीएम प्रवीण तिवारी द्वारा उपस्थितों से आवश्यक सुझाव प्रस्तुत करने का आवहान भी किया गया। उल्लेखनीय है कि खरसिया नगर में नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जाता हैं। नवरात्रि की शोभा बढ़ाने के लिए सम्पूर्ण नगर को दुल्हन की भांति सजाया जाता है। विभिन्न आकर्षक वस्तुओं की दुकाने एवं मीना बाजार इत्यादि का आनन्द लेने वाले समीपस्थ ग्रामों के ग्रामीणजन भारी तादाद में मेला देखने खरसिया आते हैं। नवरात्रि के बाद दसमीं को भव्य दशहरा मेले का आयोजन भी किया जाता हैं। इस प्रसिद्ध दशहरा मेला को देखने दूर दराज स्थानों के लोग भारी तादाद में खरसिया नगर आते हैं। भव्य नवरात्रि एवं दशहरा मेला के दौरान क़ानून व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, बिजली व्यवस्था एवं अन्य ब्यवस्था का संचालन कुशलता पूर्वक सम्पन्न करने हेतु स्थानीय प्रशासन की ओर से प्रति वर्ष शान्ति समिति की बैठक आयोजित की जाती हैं। बैठक के दौरान स्थानीय एसडीएम प्रवीण तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग, एसडीओपी प्रभात पटेल, पुलिस चौकी प्रभारी अमित तिवारी स्वास्थ्य विभाग की ओर से अभिषेक पटेल, विद्युत अधिकारी, पूर्व एवं वर्तमान भजपा मण्डल अध्यक्ष विजय शर्मा, सतीश अग्रवाल, जिला भाजपा मंत्री गायत्री केसरवानी, दशहरा समिति के वर्तमान एवं निवर्तमान अध्यक्ष रुपेश सर्राफ, रामनारायण संटी सोनी, मीना बाजार संचालक अभिषेक भारती, पार्षद गण, गणमान्य नागरिक एवं पत्रकार समुदाय भारी तादाद में उपस्थित थे।

## एनएसएस स्थापना दिवस पर सेवा, अनुशासन और खेलभावना का संदेश

**जशपुरनगर।** शासकीय संत रामेश्वर गहिरा गुरुजी महाविद्यालय, बगीचा में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का स्थापना दिवस बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। दिनभर चले इस आयोजन में सेवा, अनुशासन और खेलभावना का अद्भुत संगम देखने को मिला।

- गहिरा गुरुजी महाविद्यालय, बगीचा में कार्यक्रम संपन्न




कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया, जिसने वातावरण को उल्लासमय बना दिया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ.राजीव रंजन तिग्गा ने स्वागत उदबोधन में एनएसएस की ऐतिहासिक भूमिका और उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह योजना युवाओं में समाजसेवा और राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करती है। विशिष्ट अतिथि एलआर चौहान ने अपने प्रेरणादायक उदबोधन में कहा – "अनुशासन ही सफलता का आधार है। यदि छात्र-छात्राएं आत्मविश्वास और मेहनत से आगे बढ़ें तो कोई लक्ष्य कठिन नहीं।"मुख्य अतिथि नगर पंचायत बगीचा के अध्यक्ष प्रभात सिदाम ने युवाओं को सेवा और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एनएसएस जैसे मंच छात्रों को समाजसेवा और नेतृत्व का अवसर प्रदान करते हैं। स्थापना दिवस का मुख्य आकर्षण रहा वॉलीबॉल मैच, जिसकी शुरुआत मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर और शुभकामनाएं देकर की। मैच का संचालन रेफरी शिवदत्त पाठक की अगुवाई में हुआ, जिन्होंने निष्पक्षता और अनुशासन के साथ खेल को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। रोमांचक मुकाबले में खिलाड़ियों ने जबरदस्त संघर्ष दिखाया और अंततः राजपुरी टीम विजयी रही। टीम के कप्तान आशीष रवि एवं उपकप्तान शंकर सारथी ने शानदार नेतृत्व करते हुए जीत दर्ज की। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। समापन अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य शरद कुमार नेताम ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए कहा कि – "एनएसएस स्थापना दिवस न केवल विद्यार्थियों में सेवा और अनुशासन की भावना जागृत करता है, बल्कि उन्हें नेतृत्व और सहयोग की दिशा में भी प्रेरित करता है इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण – प्रवीण मिंज, रश्मि प्रिया टोप्पो, करुणा खलखो, आस्था तिर्की, पूनम मानिकपुरी, संजय पांडे, गीतांजलि शर्मा, सुरेंद्र पैकरा, जगजीवन राम एवं सुशील भगत सहित एनएसएस स्वयंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## बाढ़ आपदा से बचाव एवं राहत कार्यों के लिए मॉकड्रिल



**जशपुरनगर।** भारत शासन गृह मंत्रालय के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण जशपुर के संयुक्त तत्वाधान में मयाली नेचर कैम्प एवं ईब नदी पर हस्तिनापुर पुल में बाढ़ आपदा से बचाव एवं राहत कार्यों के अभ्यास हेतु एकदिवसीय राज्यस्तरीय मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

- आपदा के समय आवश्यक तैयारियों एवं मानक संचालन प्रक्रिया का किया गया अभ्यास

इस अवसर पर एक आभाषी आपदा का संभावित परिदृश्य बनाकर बाढ़, जलभराव आदि के समय प्रभावित लोगों के बचाव के मानक संचालन प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में इस राज्यस्तरीय मॉक ड्रिल में विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जल संसाधन विभाग, राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग, नगर सेना, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, पुलिस विभाग, वन विभाग डीडीआरएफ के द्वारा संयुक्त रूप से बचाव प्रक्रिया का अभ्यास एवं प्रदर्शन किया गया। जिसमें बाढ़ के समय जल स्त्रोतों में फसें लोगों, पेड़ पर फंसे लोगों, सड़क में जल भराव, डूबते व्यक्ति के बचाव जैसी परिस्थितियां बनाकर उसमें 09 लोगों के बचाव का कार्य किया गया। इसमें बाढ़ के दौरान रखी जाने वाली सावधानियां, सर्पदंश पर उपचार, विभिन्न वर्गों के लोगों के लिए उपचार सावधानियां, सीपीआर, आपातकालीन चिकित्सा सुविधा, बाढ़ के उपरांत मौसमी बीमारियों से रक्षा, राहत बचाव कैम्प का संचालन, पीड़ितों के सुरक्षित परिवहन की व्यवस्था, सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारियों से बचने हेतु सही जानकारियों के प्रेषण, लोगों को बाढ़ से सावधान करने, आपातकालीन चिकित्सा केंद्र स्थापना आदि का पूर्वाभ्यास किया गया। इसमें 05 लोगों को बाढ़ के दौरान बाढ़ के पानी से बने टापू में फंसे लोगों को बचाया गया, जिसमें गर्भवती स्त्री, सर्पदंश पीड़ति व्यक्ति, वृद्ध आदि के बचाव की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया।

### 28 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक होगा जशपुर गरबा, डांडिया नृत्य, धूवन नृत्य, झांकी एवं भक्तिमय कार्यक्रम

# जशपुर गरबा महोत्सव में माता की भक्ति में सराबोर श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

श्री बालाजी जनकल्याण समिति द्वारा आयोजित 21वां जशपुर गरबा महोत्सव 2025 का कार्यक्रम प्रारंभ हो चुका है। समिति द्वारा जशपुर गरबा, डांडिया नृत्य, धूवन नृत्य, झांकी एवं भक्तिमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। माता की भक्ति में लीन श्रद्धालु गरबा की सुरम्य लय पर झूमते हुए पूरे वातावरण को भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बना रहे हैं। जशपुर गरबा महोत्सव का मुख्य आयोजन 28 सितंबर 2025 से शुरू होकर 1 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। जिसमें छत्तीसगढ़ के सुपरस्टार जशपुर के शान खगेश सारथी, जशपुर के कमलेश्वर सारथी, हर्ष मिश्रा और बालाजी म्यूजिकल ग्रुप के सभी कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा दशहरा उत्सव के उपलक्ष्य में विराट कवि सम्मेलन एवं संगीतमय प्रस्तुति का आयोजन 3 अक्टूबर 2025 को शाम 6.00 बजे से किया जाएगा। समस्त कार्यक्रम टेलीफोन एक्सचेंज के ठीक सामने बालाजी ग्राउंड में होगा।





#### देश के विख्यात हास्यकवि होंगे मंच पर

विराट कवि सम्मेलन में देश के प्रसिद्ध हास्य कवि में मुम्बई से ऐहसान कुरैशी, दिनेश बावरा, रोहित शर्मा और दिल्ली से पद्मिनी शर्मा कविताओं के द्वारा सभी को हंसने पर विवश करेंगे। इस वर्ष श्री बालाजी समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रमों को लेकर के जशपुरवासियों में बहुत उत्साह देखा जा रहा है। क्योकि नवरात्रि का त्यौहार एक वर्ष के बाद आता है, इसलिए इस कार्यक्रम में लोग बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हैं और माता की भक्ति में लीन रहते है। इस वर्ष श्री बालाजी जनकल्याण समिति द्वारा आयोजित गरबा महोत्सव 2025 और भी खास होने वाला है जिसमें मुंबई के कई सितारे मंच पर अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम की भव्यता को देखते हुए बालाजी जन कल्याण समिति के सदस्यों के द्वारा कार्यक्रम की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। श्री बालाजी जनकल्याण समिति के प्रत्येक कार्यक्रम को जशपुर की जनता से ढेर सारा आशीर्वाद मिला आ रहा है।

#### 700 से अधिक प्रतिभागियों ने कराया गरबा में रजिस्ट्रेशन

जशपुर गरबा 2025 का मुख्य कार्यक्रम 28 सितंबर 2025 नवरात्रि के छठवें दिन से प्रारंभ होने वाला है जो की टेलिफोन एक्सचेंज के ठीक सामने बालाजी ग्राउंड में आयोजित होगा। अभी तक 700 से अधिक गरबा प्रतिभागियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कर लिया है। यह कार्यक्रम शाम 6.00 बजे से प्रारंभ होकर के रात्रि 11.00 बजे तक चलेगा।

## स्वच्छता ही सेवा के तहत चला एक दिन, एक घंटा, एक साथ अभियान



**कोतबा।** नगर पंचायत कोतबा के आह्वान में स्वक्षता ही सेवा 2025 अंतर्गत17 सितंबर से 2 अक्तूबर, 2025 तक चल रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान "एक दिन, एक घंटा, एक साथ" अभियान का नेतृत्व मुख्य नगर पालिका अधिकारी टी.आर.यादव ने किया। कोतबा नगर के हाईस्कूल मैदान में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार स्वामी आत्मानंद सेजेस कोतबा व हॉस्टल के छात्र छात्राओं नगर पंचायत के स्वक्षता दूतों, स्वक्षता दीदियों सहित जनप्रतिनिधि एक साथ सुबह 7:30 बजे उपस्थित होकर पूरे कैम्पस में वृहद स्वक्षता अभियान चलाया गया। इस वर्ष स्वक्षता अभियान की थीम "स्वच्छोत्सव"रखी गई है। इसके तहत पूरे नगर में लोगों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करने अनेक कार्यक्रम रोजाना आयोजित किया जा रहा है।



# रिलेशनशिप नहीं जमा तो नहीं जमा, पर एक दिन मेरे बच्चे होंगे

**मुंबई।** काजोल और ट्विंकल खन्ना का टॉक शो टू मच 25 सितंबर से अमेजन प्राइम वीडियो पर प्रीमियर होगा। शो के पहले मेहमान कोई और नहीं बल्कि इंडस्ट्री के दो सुपरस्टार- आमिर खान और सलमान खान होंगे। शो में आमिर खान और सलमान खान अपने जीवन के तमाम पहलुओं के बारे में मजेदार ढंग से बात करेंगे। इस दौरान आमिर खान सलमान से उनकी रिलेशनशिप पर सवाल करते नजर आ सकते हैं। सलमान अपनी रिलेशनशिप्स के बारे में कहते हैं, यार नहीं जमा तो नहीं जमा। अगर इसका दोष किसी को जाता है, तो केवल मुझे जाता है। सलमान खान ने बातचीत के दौरान बच्चे लेने की भी इच्छा चाहिर की। उन्होंने कहा- बच्चे, एक दिन मेरे होंगे, जल्द ही।



## लाइफ Style

# अमृता

## पतली होने पर उड़ाया जाता था मजाक

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री अमृता राव ने बॉलीवुड इंडस्ट्री में होने वाली पॉलिटिक्स पर बात की। साथ ही उन्होंने उन्हें लेकर की गई बॉडी शेमिंग को भी याद किया। अमृता राव हाल ही में अक्षय कुमार-अरशद वारसी की फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' में नजर आईं हैं।

अमृता ने साल 2003 में शाहिद कपूर के साथ फिल्म इश्क विश्क से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी और अमृता रातोंरात स्टार बन गईं थीं। हालांकि, अब अमृता ने बताया कि पहली फिल्म हिट होने के बाद वो इंडस्ट्री की पॉलिटिक्स का शिकार हुईं। अभिनेत्री ने एक किस्से को याद करते हुए बताया कि जब मैंने इंडस्ट्री में कदम रखा था, तो मुझे बहुत पतली होने के लिए डांटा जाता था। अमृता ने अपनी मौसी की सलाह याद की कि जब वह पतली थीं तो उनका मजाक उड़ाया जाता था, लेकिन जब उनका वजन बढ़ा, तो उसके लिए भी उनका मजाक उड़ाया गया। जब उनका वजन आदर्श था, तब किसी ने उनकी तारीफ नहीं की। क्योंकि, कवर बिल्कुल भी ऐसा नहीं दिखना चाहिए था। ऐसी चीजें पहले भी हो चुकी हैं। इसके अलावा भी बहुत सी ऐसी चीजें होंगी, जिनके बारे में मुझे पता भी नहीं होगा। अमृता ने कहा कि पहले मुझे बहुत बुरा लगता था। मैं पूछती थी कि मेरे साथ ऐसा क्यों हो रहा है। लेकिन अब मैं कह सकती हूं कि राजनीति हर जगह है। स्कूलों में, कॉलेजों में, यहां तक कि आपकी सोसाइटी की बैठकों में भी। इसलिए आपको खुद को राजनीति से निपटने के लिए तैयार करना होगा।

## हॉलीवुड मसाला



# 17 की उम्र में शुरू किया था कॅरियर

**लॉस एंजिल्स।** दिग्गज इटालियन एक्ट्रेस क्लाउडिया कार्डिनले का निधन हो गया है। 100 से अधिक फिल्मों और शोज में काम कर चुकीं एक्ट्रेस ने मंगलवार को 87 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। क्लाउडिया 1960 और 1970 के दशक की सबसे मशहूर यूरोपियन एक्ट्रेस रही हैं। उन्हें 1963 में फेडेरिको फेलिनी की फिल्म '8½' से पॉपुलैरिटी मिली थी, जिसमें उनके साथ मार्सेलो मास्ट्रोयानी लीड रोल में थे। 17 की उम्र में कॅरियर शुरू किया था। क्लाउडिया ने अपना एक्टिंग, इससे पहले वह एक ब्यूटी कॉन्टेस्ट की विनर भी रही थीं।



# अब डेमन स्लेयर के अगले पार्ट का इंतजार

**लॉस एंजिल्स।** जापानी फिल्म 'डेमन स्लेयरः किमेत्सु नो याइबा - इन्फिनिटी कैसल' को लोगों ने काफी पसंद किया। फिल्म ने भारत में भी अच्छी कमाई की। अब फैंस इस फिल्म के अगले पार्ट्स का भी इंतजार कर रहे हैं। लेकिन अब ऐसा लगता है कि फैंस का ये इंतजार लंबा होने वाला है। क्योंकि निर्माता कंपनी क्रंचरोल की ओर से आगामी पार्ट्स को लेकर कहा है कि फैंस को अभी इंतजार करना पड़ेगा। क्रंचरोल के सीईओ राहुल पुरीनी ने हाल ही में एक इंटरव्यू में इन्फिनिटी कैसल फिल्मों के भविष्य पर बात की। क्रंचरोल ने खुलासा किया कि इस बहुप्रतीक्षित ट्रायोलॉजी के दूसरे और तीसरे भाग की रिलीज की तारीखें अभी भी तय नहीं हुई हैं।



# सिनेमाघरों में कल रिलीज होगी होमबाउंड

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर इन दिनों अपनी फिल्म 'सनी कुमारी की तुलसी कुमारी' के प्रमोशन में जुटी हुई हैं। बुधवार को जान्हवी को एयरपोर्ट पर किसी खास का इंतजार करते देखा गया। जान्हवी कपूर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जान्हवी कपूर इन दिनों अपनी फिल्म 'होमबाउंड' को लेकर भी सुर्खियों में बनी हुई हैं। हाल ही में 'होमबाउंड' की खास स्क्रीनिंग हुई, जिसमें जान्हवी अपनी दिवंगत मां और एक्ट्रेस श्रीदेवी की नेवी ब्लू रंग की साड़ी पहने नजर आईं। श्रीदेवी ने यह साड़ी अनुष्का शर्मा और विराट कोहली की शादी के रिसेप्शन पर पहनी थी। जान्हवी की 'होमबाउंड' 26 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इससे पहले सोमवार को मुंबई में स्पेशल स्क्रीनिंग में कई सितारों ने शिरकत की।



# 'थामा' में दिखेगी खूनी प्रेम कहानी

**मुंबई।** थामा मैडॉक फिल्म्स के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की अगली फिल्म है। इससे पहले इस यूनिवर्स की स्त्री, भेड़िया, मुंज्या और स्त्री 2 आ चुकी हैं। इन सभी को फिल्मों को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अब थामा को मेकर्स इस यूनिवर्स की एक खूनी प्रेम कहानी बता रहे हैं। इसमें वैम्पायर्स की लव स्टोरी देखने को मिलेगी। आदित्य सरपोतदार द्वारा निर्देशित थामा इस साल दिवाली पर रिलीज होनी है। हालांकि, अभी तक फिल्म की रिलीज डेट सामने नहीं आई है। इस फिल्म में आयुष्मान और रश्मिका के अलावा नवाजुद्दीन सिद्दीकी और परेश रावल भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। मेकर्स ने बुधवार को थामा से जुड़े तीन पोस्टर और पोस्ट इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। एक में स्त्री नजर आ रही है और उस पर लिखा है, 'ओ स्त्री परसों आना।'

## टीवी मसाला



# बिग बी ने पाकिस्तान पर कसा तंज केबीसी 17 में छूट गई सबकी हंसी

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन जितने दमदार एक्टर हैं, असल जिंदगी में उतने ही मस्तीखोर। 'कौन बनेगा करोड़पति' में हम सभी ने कई मौकों पर देखा है, जब वह अपने धीर-गंभीर अंदाज में अक्सर ऐसी बातें कह जाते हैं कि सबकी हंसी छूट जाती है। इस बार भी ऐसा ही हुआ है। केबीसी 17 के ताजा एपिसोड में सामने गुजरात से आई कंटेस्टेंट उर्मिला जेवलिया थीं, जिनसे बात करते-करते बिग बी ने पाकिस्तान पर करारा तंज कसा। उन्होंने गाहे-बगाहे एशिया कप में पाकिस्तानी क्रिकेट टीम की लगातार दो हार पर मजेदार अंदाज में चुटकी ली। बस फिर क्या, केबीसी के सेट पर हर कोई ठहाके लगाने को मजबूर हो गया। दरअसल, शो में उर्मिला जेवलिया अपने बचपन का किस्सा सुना रही थीं। उन्होंने बताया कि जब वह छोटी थीं, तब उन्होंने अमिताभ बच्चन के लिए घर की टीवी तोड़ दी थी। छोटी उर्मिला को लगता था कि केबीसी वाले बिग बी टीवी के अंदर ही बैठते हैं। इसलिए वह इसे तोड़कर उनसे मिल पाएंगी। कंटेस्टेंट के इस खुलासे पर जहां अमिताभ दंग हो गए, वहीं उन्होंने इसी बहाने पाकिस्तान को भी निशाने पर ले लिया। माहौल को हल्का बनाते हुए मेगास्टार ने मजाक में कहा, 'एक बात बोलूं, प्लीज बाहर मत बोलिएगा... भारत-पाकिस्तान का जब खेल होता है न तो पाकिस्तान वाले तोड़ देते हैं अपना टीवी, सही बोल रहे हैं कि नहीं।' उनके इस मजाक पर हर किसी की हंसी छूट गई। सोशल मीडिया पर फैंस ने कहा कि बिग बी ने बातों-बातों में पड़ोसी मुल्क को क्रिकेट में मिल रही हार पर मजमा लूट लिया।

## कुनिका, फरहाना और अशनूर में छिड़ी जंग

**नई दिल्ली।** टीवी रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' इस वक्त पीक पर चल रहा है। आए दिन बड़े बड़े झगड़े देखने को मिल रहे हैं। अब बिग बॉस 19 का



लेटेस्ट प्रोमो सामने आया है, जहां एक बार फिर फरहाना और अशनूर कौर के बीच तगड़ी लड़ाई होने वाली है। शो के नए प्रोमो ने फैंस का भी एक्साइटमेंट लेवल बढ़ा दिया है। नया प्रोमो में बिग बॉस नए राशन टास्क के बारे में बता रहे हैं। टास्क के लिए टीम को दो हिस्सों में बांट दिया गया है, जिसमें एक टीम की ड्रोन अशनूर कौर बनी हैं, जबकि दूसरी टीम की ड्रोन फरहाना भट्ट बनी हैं। अशनूर अपनी टीम के लिए राशन इकट्ठा कर रही हैं, लेकिन फरहाना बशीर के साथ मिलकर दूसरी टीम का राशन चुरा रही हैं। जिस टीम के पास जितना राशन बचेगा, उन्हें उसी राशन से काम चलाना होगा। इस बात पर कुनिका अशनूर पर भड़क जाती हैं कि घी तो है ही नहीं, जबकि गौरव कहता है कि कम से कम चावल तो बचा लेते।

# 50 साल बाद लौटेगी शोले की असली कहानी

## ठाकुर के हाथों होगा गब्बर का अंत

*__नई दिल्ली।__ भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे आइकॉनिक फिल्म शोले (1975) एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार वजह है इसका वो अंत जिसे दर्शकों ने कभी बड़े पर्दे पर नहीं देखा। दरअसल, जब निर्देशक रमेश सिप्पी ने फिल्म बनाई थी, तब उन्होंने चाहा था कि गब्बर सिंह (अमजद खान) को उसके अपराधों की सजा ठाकुर बलदेव सिंह (संजय कुमार) के हाथों मिले। लेकिन, उस दौर के डिस्ट्रीब्यूटर्स ने दबाव डालकर अंत बदलवाया और गब्बर को पुलिस के हवाले कर दिया गया। अब 50 साल बाद दर्शकों को फिल्म का वो असली और पहले से शूट किया गया क्लाइमैक्स देखने का मौका मिलेगा। ऑस्ट्रेलिया में होने वाले इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ सिडनी ने घोषणा की है कि इस साल का उनका सेंटरपीस फिल्म शोले का 4के रीस्टोर्ड वर्जन होगा। यह फेस्टिवल 9 से 11 अक्टूबर तक आयोजित होगा और इसमें वही अंत दिखाया जाएगा,*




*जिसमें ठाकुर अपने परिवार का बदला लेकर गब्बर का अंत कर देता है। इस अनोखे प्रोजेक्ट को फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन और सिप्पी फिल्म्स ने संभव बनाया है। शोले अब अपनी मूल 70एमएम भव्यता में दर्शकों के सामने आएगी, जो सिनेमाई इतिहास का एक अनमोल अनुभव होगा। रीस्टोरेशन की प्रक्रिया में लंदन से दुर्लभ कलर रिवर्सल प्रिंट ढूंढा गया और मुंबई के एक गोदाम से कैमरा निगेटिव्स और लंबे समय से खोए हुए डिलीटेड सीन्स बरामद किए गए।*

# इन सितारों ने अदा की जज की भूमिका, एक ने तो 300 फिल्मों में किया यही किरदार

**नई दिल्ली।** कोर्टरूम ड्रामा फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' में वकील के रूप में अक्षय कुमार और अरशद वारसी के अभिनय की खूब तारीफ हो रही है। वहीं, फिल्म में जज के किरदार में सौरभ शुक्ला नजर आए हैं और उनके अभिनय को भी दर्शक दाद दे रहे हैं। इस फ्रेंचाईजी की पिछली दोनों फिल्मों में भी सौरभ ने ही जज की भूमिका से कमाल किया। उनसे पहले भी कई चर्चित सितारे परदे पर जज बन चुके हैं। एक अभिनेता ने तो करीब 300 बार यह भूमिका निभाई।

**डीके सप्रू :** एक्टर डी के सप्रू ने साल 1947 में अपने कॅरियर की शुरुआत की। उन्होंने तीन दशक से भी ज्यादा समय तक कैरेक्टर एक्टर के रूप में काम किया। उन्होंने साहिब बीवी और गुलाम, हीर रांझा, पाकीजा, शाहिद'और लीडर जैसी फिल्मों में काम किया। उन्होंने फूल और पत्थर दुनिया, प्रेम पुजारी और हलचल जैसी फिल्मों में जज की भूमिकाएं निभाईं। उनके बेटे तेज सप्रू भी कलाकार हैं।

**जगदीश सेठी :** जगदीश सेठी ने अपने कॅरियर की शुरुआत साल 1931 में भारत की पहली साउंड फिल्म से की थी, जिसका नाम था 'आलम आरा'। जगदीश फिल्म में जज के रूप में भी नजर आ चुके हैं। उन्होंने सुनील दत्त और



साधना अभिनीत कोर्टरूम ड्रामा मेरा साया में जज की भूमिका निभाई थी।

**पृथ्वीराज कपूर :** दिवंगत अभिनेता पृथ्वीराज कपूर का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। लोकप्रिय फिल्म मुगल-ए-आजम में बादशाह अकबर की भूमिका के लिए उन्हें जाना जाता है। पृथ्वीराज कपूर ने अपने बेटे राज कपूर की ब्लॉकबस्टर फिल्म आवारा में जज की भूमिका निभाई थी। दरअसल, आवारा में कपूर परिवार की तीन पीढ़ियां देखी गईं। क्लाइमेक्स में, जब पृथ्वीराज कपूर को गवाह के तौर पर देखा गया। उनके पिता दीवान बशेश्वरनाथ कपूर जज की भूमिका में दिखाई दिए।

**हामिद अली मुराद :** हामिद अली मुराद, जो मुराद के नाम से इंडस्ट्री में मशहूर रहे। उनका जन्म साल 1911 में उत्तर प्रदेश के रामपुर में हुआ। वे फिल्मों में सहायक किरदार निभाने के लिए मशहूर थे। यूं तो मुराद ने पर्दे पर कई भूमिकाएं निभाईं, मगर जज का रोल उन्होंने दस या बीस बार नहीं, बल्कि करीब 300 फिल्मों में अदा किया। 1940 से कॅरियर शुरू करने वाले मुराद ने 1990 तक करीब 500 फिल्मों में काम किया। इनमें से करीब 300 फिल्मों में वे जज के रोल में नजर आए। बता दें कि मुराद के बेटे रजा मुराद इंडस्ट्री में सक्रिय हैं और विलेन का किरदार निभाने के लिए मशहूर हैं।

## ये फिल्में मनोरंजक क्लाइमैक्स तक रखती हैं बांधे

# जासूसी पर बेस्ड 7 बेस्ट मूवीज, हर सीन में मिलेगा डबल ट्विस्ट

*__नई दिल्ली।__ वैसे तो अब तक जासूसी पर कई फिल्में बन चुकी हैं, लेकिन आज हम आपको 7 ऐसी फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्हें अब तक की सबसे बेहतरीन जासूसी फिल्में माना जाता है। इन फिल्मों के हर सीन में आपको डबल ट्विस्ट देखने को मिलेंगे और तो और, ये फिल्में इतनी मनोरंजक हैं कि आपको क्लाइमैक्स तक बांधे रखेंगी।*



**एजेंट साईं श्रीनिवास अथरेया (2019) :** यह एक तेलुगु भाषा की ब्लैक कॉमेडी मिस्ट्री फिल्म है, जिसका निर्देशन स्वरूप आरएसजे ने किया है, जिन्होंने नवीन पोलीशेट्टी के साथ मिलकर इस फिल्म का लेखन भी किया है।फिल्म में पोलीशेट्टी मुख्य किरदार में हैं और उनके साथ श्रुति शर्मा भी हैं। यह नेल्लोर के एक जासूस की कहानी है, जिसकी जान उस समय खतरे में पड़ जाती है जब वह एक रेलवे ट्रैक के पास छोड़े गए एक शव के मामले की जांच शुरू करता है।

***मनोरमा सिक्स फीट अंडर (2007) :*** यह एक क्राइम थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन और सह-लेखन नवदीप सिंह ने किया है। फिल्म में अभय देओल, राइमा सेन और गुल पनाग मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 21 सितंबर 2007 को रिलीज हुई थी। यह राजस्थान के एक छोटे से कस्बे में रहने वाले एक शौकिया जासूस की कहानी है, जो खुद को झूठ, छल और हत्या के जाल में फंसा हुआ पाता है।

***थुप्पारिवालन (2017) :*** यह एक तमिल भाषा की एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसका लेखन और निर्देशन मिस्किन ने किया है और निर्माण विशाल ने किया है, जो प्रसन्ना के साथ मुख्य भूमिका भी निभा रहे हैं। फिल्म में विनय राय, अनु इमैनुएल (अपनी तमिल पहली फिल्म में), एंड्रिया जेरेमिया और के. भाग्यराज सहायक भूमिकाओं में हैं। ब्रिटिश लेखक आर्थर कॉनन डॉयल की शर्लक होम्स कहानियों से प्रेरित, यह फिल्म एक निजी जासूस और उसके सहयोगी की कहानी है जो एक बच्चे के पालतू कुत्ते की मौत की जाँच करते हैं, जिससे उन्हें एक बड़ी साजिश का पता चलता है।

***डिटेक्टिव ब्योमकेश बख्शी! (2015) :*** यह एक ऐतिहासिक रहस्य थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन दिबाकर बनर्जी ने किया है, जिन्होंने यशराज फिल्म्स और दिबाकर बनर्जी प्रोडक्शंस के तहत आदित्य चोपड़ा के साथ सह-निर्माण किया था. काल्पनिक जासूस ब्योमकेश बख्शी पर आधारित इस फिल्म में दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत, आनंद तिवारी, नीरज काबी, स्वस्तिका मुखर्जी और मेयांग चांग मुख्य भूमिकाओं में थे।

**डिटेक्टिव उज्ज्वलन (2025) :** यह एक मलयालम भाषा की मिस्ट्री कॉमेडी फिल्म है, जिसका लेखन और निर्देशन इंद्रनील गोपीकृष्णन और राहुल जी ने किया है। फिल्म में ध्यान श्रीनिवासन, सिजू विल्सन और रोनी डेविड राज मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह वीकेंड ब्लॉकबस्टर्स बैनर तले सोफिया पॉल द्वारा निर्मित है और यह वीकेंड सिनेमैटिक यूनिवर्स की मिन्नल मुरली के बाद दूसरी फिल्म है।

***सम्राट एंड कंपनी (2014) :*** यह एक जासूसी थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन कौशिक घटक ने किया है और राजश्री प्रोडक्शंस के बैनर तले कविता के. बड़जात्या ने इसका निर्माण किया है। इसमें राजीव खंडेलवाल सम्राट की मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म पहले 1 मई 2014 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन इसे तय समय से पहले 25 अप्रैल 2014 को रिलीज कर दिया गया था।

***जोई बाबा फेलुनाथ (1979) :*** यह एक बंगाली भाषा की रहस्य फिल्म है, जिसका निर्देशन और लेखन सत्यजीत रे ने किया था. सौमित्र चटर्जी, संतोष दत्ता, सिद्धार्थ चटर्जी, उत्पल दत्त जैसे कलाकारों से सजी यह फिल्म फेलुदा उपन्यास का रूपांतरण है और सोनार केल्ला का सीक्वल है।

## खबर संक्षेप

### खैनी के पैकेट से निकले कीड़े, ग्राहकों में हड़कंप

**राउरकेला।** नुआगांव क्षेत्र में शिवा खैनी के एक पैकेट से कीड़े निकलने का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया और खैनी के सेवन से होने वाले खतरों को लेकर चिंता गहरा गई। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि तंबाकू किसी भी रूप में शरीर के लिए घातक है। यह धीरे धीरे मौत का कारण बनता है। यदि पैकेट से कीड़े निकल सकते हैं, तो सोचना होगा कि उसके सेवन से शरीर के भीतर क्या क्या नुकसान पहुंच रहा होगा। स्थानीय जागरूक लोगों ने अपील की है कि इस तरह की खतरनाक आदतों से तुरंत दूरी बनाई जाए। तंबाकू छोड़कर न केवल खुद को बल्कि परिवार को भी सुरक्षित रखा जा सकता है। प्रशासन से मांग की जा रही है कि ऐसे उत्पादों की सख्त जांच और नियंत्रण किया जाए।

### मनाया गया एनएसएस का 56 वां स्थापना दिवस

**पुसौर।** अभिनव स्कूल ने एनएसएस का 56वां स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया। दरअसल देश में स्कूली व महाविद्यालयीन छात्रों को सेवा, खेल के साथ साथ कल्याकारी कार्यो में जोडे रखने या उसका अभ्यास बनाए के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना 24 सितम्बर 1969 की गई। इसकी स्वीकृति प्रायः शासकीय स्कूलों व कालेजों को शासन द्वारा दी गई थी। वहीं जो अशासकीय स्कूल इसके लिए आवेदन प्रस्तुत किया और शासन के जांच दरमियान वह पात्र पाया गया तो उसे भी एनएसएस चलाने की पात्रता दी गई। जानकारी के मुताबिक अशासकीय स्कूलों में से सर्वप्रथम अभिनव विद्या मंदिर पुसौर को जिले में इसकी मान्यता मिली और तब से लेकर अब तक अपने एनएसएस कैम्प को लेकर क्षेत्र में ये प्रसिद्धि अर्जित करता रहा है। इसलिए अभिनव स्कूल प्रबंधन एनएसएस के स्थापना दिवस पर निश्चित ही एक कार्यक्रम आयोजित होती है। इसी कड़ी में एनएसएस का 56वां स्थापना दिवस मनाया गया, जिसमें एनएसएस टीम ने अब तक के अपने सेवा कार्यो, खेल व सास्कृतिक गतिविधियों का आंकलन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर उपाध्यक्ष उमेश साव, स्कूल प्रमुख अक्षय कुमार सतपथी, कार्यक्रम अधिकारी विश्वजीत साव, सह अधिकारी सनत विश्वाल, स्कूल स्टाफ फुलचंद गुप्ता, पीटीआई राहुल वैष्णव, टीसी गुप्ता, शुकुन्तला प्रधान सहित अन्य छात्र-छात्रागण उपस्थित रहे।

### खारे पानी से फट रहा दूध नहीं पक रही दाल

**पुसौर।** पुसौर में वितरण हुए पेयजल इतना खारा है कि उस पानी में दाल नहीं पकता और दूध में मिल जाने से दूध भी फट जाता है। वहीं इस पानी के कारण बर्तन और जेवर भी दो तीन दिन में अपना रंग बदल देते हैं। ऐसी स्थिति में इस पानी के सेवन से लोगों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है। कुछ साल पहले लोगों को इससे निजात दिलाने 2 वाटर एटीएम की स्थापना की गई थी, जिसमें से एक तो चालू ही नहीं हो पाया और एक जो चल रहा था वहां 1 रूपए डालकर लोग पानी लेते थे। यह व्यवस्था पिछले लगभग डेढ़ साल से बंद पडी है। इस संबंध में तात्कालीन जिम्मेदार जनप्रतिनिधि बताते हैं कि यह तकनीकी रूप से खराब हो गया है जिसके भुगतान को लेकर कई तरह के पेंच फंसे हुए हैं। वर्तमान स्थिति में दाल, चाय एवं स्वच्छ पानी पीने के के लिए लोग बस्ती से दूर दराज जाकर किसी तरह व्यवस्था कर रहे हैं और अपनी दिनचर्या चला रहे हैं। ज्ञात हो कि पेयजल व्यवस्था के लिए आए दिन टंकिया बन रही हैं, बोर खनन चल रहा है।

# विडंबना : स्कूल भवन जर्जर, बच्चे बरामदे में पढ़ने को हैं मजबूर

**डडाईडीह के प्राथमिक शाला का मामला, जिम्मेदारों ने साध लिया है मौन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

किसी देश, राज्य, जिले, शहर और गांव की नींव होती है वहा की शिक्षा। वर्तमान में यह नींव कमजोर होती नजर आ रही है। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के बरमकेला विकासखंड जोकि हमेशा से शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रहा है, उस विकासखंड के बच्चे इस प्रकार से बरामदे मे पढ़ने के लिए मजबूर हैं यह काफी चिंता का विषय है।

दरअसल सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले अंतर्गत विकासखंड बरमकेला में ग्राम पंचायत आमकोनी के आश्रित ग्राम डडाईडीह के प्राथमिक शाला की हालत इतनी जर्जर हो चुकी है कि यहां विद्यालय संचालन करने से बच्चों की जान को खतरा हो सकता है। ऐसे में करीब दो साल से उनकी कक्षाएं बरामदे में संचालित हो रही है। जिसमें बच्चों की स्थिति ऐसी हो गई है कि मानें उनको उनके घर से निष्कासित कर दिया गया हो। शासन द्वारा शासकीय विद्यालयों में ना केवल शिक्षण का बल्कि अन्य प्रकार की और भी योजनाए संचालित की जाती है, जिसमें एक महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री पोषण योजना है। जिसके तहत बच्चों को भोजन दिया जाता है, लेकिन भवन जर्जर होने से बच्चों के लिए भोजन बनाने वाली जगह मे भी दिक्कतें आ रही हैं। इसके साथ ही बच्चों को शौचालय सहित विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है की यह उनके बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। करीब दो साल से विद्यालय यह हाल है, लेकिन आज तक जिम्मेदारों ने यहां की स्थिति को जानने का प्रयास नहीं किया, जोकि जिम्मेदापर अधिकारियों का उदासीनता को दर्शाता है।





**बरमकेला विकासखंड में इस तरह जर्जर हैं 77 विद्यालय**

मिली जानकारी के अनुसार बरमकेला विकासखंड में इस प्रकार के 77 विद्यालय हैं, जिनकी मरम्मत की आवश्यकता है। बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। सरकारी विद्यालयों को अनाथ की तरह छोड़ दिया गया है। उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।

इस संबध मे जानकारी लेने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी जेआर डहरिया से दूरभाष के माध्यम से सम्पर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।
**निखिल डनसेना**
**ब्लाक अध्यक्ष एनएसयूआई**

जितनी भी जर्जर स्कूल भवन की शिकायतें मिली हैं, उनकी रिपोर्ट तैयार कर जानकारी भेजी जा चुकी है।
**नरेंद्र जांगड़े**
**विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बरमकेला**



## बस और ट्रक की आमने-सामने टक्कर में 5 की हुई दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

■ राष्ट्रीय राजमार्ग 520 पर हुआ भयावक हादसा, 12 गंभीर रूप से घायल

कोइडा ब्लॉक केबलांग थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 520 पर भीषण बस दुर्घटना में 5 यात्रियों की मौत हो गई। वहीं 12 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका अस्पताल में इलाज जारी है।
दरअसल राउरकेला से कोइडा जा रही लिंगराज बस और ट्रक की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर ही 5 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 12 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना स्थल पर पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम पहुंचकर राहत और बचाव कार्य में जुटी रही। बस की खिड़कियों को कटर की मदद से काटकर यात्रियों को बाहर निकाला गया। इस दर्दनाक हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

## मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल में डॉक्टर से मारपीट का आरोप



**राउरकेला।** सुंदरगढ़ मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर से मारपीट के आरोप के बाद असामान्य स्थिति पैदा हो गई। डॉक्टर पर हमले के विरोध में अन्य डॉक्टरों ने रात में काम बंद कर दिया। इसके चलते ओपीडी और आपातकालीन सेवाएं प्रभावित हुईं। तनाव बढ़ने पर पुलिस मौके पर पहुंची और समझाने बुझाने का प्रयास किया। मिली जानकारी के अनुसार, कैजुअल्टी ड्यूटी में तैनात एक डॉक्टर से एक मरीज के परिजन का मामूली बात को लेकर विवाद हुआ और उस पर मारपीट का आरोप लगा। इसी घटना के विरोध में डॉक्टरों ने रात में सामूहिक कार्य बहिष्कार आंदोलन शुरू कर दिया और ओपीडी व इमरजेंसी सेवाएं बंद कर दीं। डॉक्टरों के साथ-साथ मेडिकल छात्र भी इसमें शामिल हुए।
जानकारी के अनुसार किंजिरकेला क्षेत्र के दो युवक एक मरीज को लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे थे। वहां अस्थिशल्य चिकित्सक ऑर्थोपेडिक सर्जन की अनुपस्थिति में ड्यूटी पर मौजूद दूसरे डॉक्टर के साथ मारपीट का आरोप लगाया गया। इस घटना से कुछ समय के लिए मेडिकल परिसर में तनाव फैल गया। बाद में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और डॉक्टरों को सुरक्षा की जिम्मेदारी लेने का आश्वासन दिया, इसके बाद स्थिति सामान्य हो गई।

### सुनील झरिया यंग कम्युनिटी चैंपियन अवार्ड से राष्ट्रीय स्तर पर हुए सम्मानित

**सरिया।** सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सरिया के पास ग्राम छोटे नावापारा निवासी सुनील झरिया को निफा नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट एंड एक्टिविस्ट्स द्वारा देश के यंग कम्युनिटी चैंपियन अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह का प्रथम दिवस भारत मंडपम, दिल्ली और शेष कार्यक्रम करनाल हरियाणा में आयोजित रजत जयंती स्थापना समारोह के अवसर पर हुआ। इस आयोजन के मुख्य अतिथि मॉरीशस के महामहिम राष्ट्रपति थे। समारोह में उपस्थित पूर्व उद्योग मंत्री हरियाणा शशिपाल मेहता एवं वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस, इंग्लैंड के उपाध्यक्ष संजय पंजवानी, जापानऔर रशिया के निफा साथी, हरियाणा के विधानसभा अध्यक्ष ने सुनील झरिया को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर देशभर से आए अनेक समाजसेवियों, कलाकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिनिधि मंडल ने राष्ट्रपति भवन एवं कुरुक्षेत्र का भ्रमण भी किया, जो प्रतिभागियों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव रहा। सम्मान पाकर सुनील भावुक हो गए, उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार मेरे लिए गर्व का विषय है। यह केवल मेरी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि मेरे परिवार, साथियों, युवाओं और सभी के सामूहिक सहयोग का परिणाम है। यह सम्मान मुझे और अधिक ऊर्जा एवं संकल्प के साथ समाज सेवा की राह पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा।



## चंद्रपुर के दरहाघाट में बाढ़ आपदा पर हुआ मॉकड्रिल, एनसीसी कैडेट भी हुए शामिल

**चंद्रपुर।** प्रदेश के मैदानी क्षेत्रों में बाढ़ के दौरान राहत और बचाव कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए सक्ति जिले के अंतिम छोर महानदी किनारे बसे चंद्रपुर में इमरजेंसी व्यवस्थाओं को देखने और धार देने के लिए एक पूर्व अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गृह मंत्रालय भारत सरकार, छत्तीसगढ़ राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग तथा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सक्ती के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार 25 सितंबर की सुबह 10 बजे चंद्रपुर नगर के दरहाघाट में बाढ़ आपदा पर मॉक ड्रिल का आयोजन हुआ। इस मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखना और आम नागरिकों को जागरूक करना रहा। प्रशासन ने साफ किया कि यह केवल प्रशिक्षण प्रक्रिया थी, घबराने की कोई जरूरत नहीं है। मॉक ड्रिल के दौरान नागरिकों से शांति बनाए रखने, अफवाहों से बचने और सही जानकारी दूसरों तक पहुँचाने की अपील की गई। और नगरवासियों और ग्रामीणों को भरोसा दिलाया गया कि बाढ़ के दौरान उन्हें किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होंने दी जाएगी। साथ ही आपदा की स्थिति में प्रशासन और सुरक्षा बलों के निर्देशों का पालन करने को कहा गया।




**राहत के लिए किए गए इंतजाम**

सक्ति जिले के कलेक्टर अमृत विकाश तोपनो के निर्देश पर एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों ने बाढ़ग्रस्त क्षेत्र से लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुँचाने का अभ्यास किया। रेस्क्यू बोट, रस्सियों और लाइफ जैकेट की मदद से बचाव कार्य का प्रदर्शन किया गया। अस्थायी राहत शिविरों में भोजन, पानी और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को प्राथमिकता देकर सुरक्षित आश्रय स्थल तक पहुँचाने की व्यवस्था की गई। घायलों को अस्पताल पहुँचाने के लिए एंबुलेंस और स्वास्थ्य विभाग की टीम तैनात रही। पुलिस और होमगार्ड ने ट्रैफिक और भीड़ नियंत्रण का जिम्मा संभाला। पशुधन विभाग द्वारा बाढ़ में बहकर आए पशुओं को सुरक्षित बचाने और उन्हें प्राथमिक उपचार देने की कार्रवाई भी की गई। ड्रिल में जिले के सभी विभागों ने अपनी भूमिका का निर्वहन किया और संयुक्त समन्वय से राहत बचाव कार्यों को अंजाम दिया।

## 25 सालों से नवरात्रि में बजरंग एलआर करवा रहे भंडारा

**खरसिया।** लखीराम अग्रवाल और इनकी धर्मपत्नी मरवण देवी की पावन स्मृति में इनके पुत्र बजरंग अग्रवाल और ऋषभ अग्रवाल द्वारा गंज बाजार हनुमान मंदिर के सामने विशाल भंडारा का आयोजन नवरात्रि के पावन पर्व पर पूरे नौ दिनों तक करवाया जाता है, जिसमे हजारों लोग भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने दूर दूर से आते है।



नगर में होने वाली सामाजिक धार्मिक गतिविधियों में बजरंग अग्रवाल और ऋषभ अग्रवाल एलआर की प्रमुख रूप से भागीदारी रहती है। इसके साथ ही समय समय पर मेडिकल कैम्प का आयोजन भी इनके सौजन्य से करवाया जाता है। खरसिया की नवरात्रि पूरे प्रदेश में प्रसिद्ध है। जगतजननी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करने भक्त दूर-दूर से खरसिया आते हैं और नौ दिनों तक खरसिया में उत्सव जैसा माहौल रहता है। शानदार 25 वर्षो से गंज बाजार हनुमान मंदिर के सामने भंडारा लगवाने का कार्य बजरंग अग्रवाल करते आ रहे हैं। अपने पिता लखीराम अग्रवाल के पदचिन्हों पर चलते हुए बजरंग अग्रवाल सेवाभावी गतिविधियों में सक्रियता के साथ काम करते हैं। वहीं भंडारा की व्यवस्था राजेश अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, खुश्बू अग्रवाल, सुहानी अग्रवाल, सजन छोटू, मनोज बाऊ, पवन खाका, प्रमोद कालू, पवन अग्रवाल, राजू प्यारे, विक्की शर्मा, प्रदीप मित्तल आदि लोग संभालते आ रहे हैं।

## सूक्ष्म उद्यमों को बढ़ावा देने ऋण प्रकरणों की स्वीकृति में लाएं तेजी : जिपं सीईओ

**रायगढ़।** जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विभिन्न बैंकों के अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में आयोजित बैठक में जिला पंचायत सीईओ जितेंद्र यादव ने सूक्ष्म उद्यमों को प्रोत्साहन, वित्तीय समावेशन और बैंकिंग सेवाओं पर विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में गैर कृषि क्षेत्र में नए सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना को बढ़ावा देने अधिक से अधिक ऋण प्रकरण स्वीकृत किए जाए। यह योजना पारंपरिक कारीगरों एवं बेरोजगार युवाओं को ऋण आधारित सब्सिडी उपलब्ध कराकर स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करने में सहायक है। बैठक में वार्षिक साख योजना 2025-26 की समीक्षा की गई। पशुधन, कृषि, मछलीपालन और उद्यानिकी विभागों द्वारा बैंकों को भेजे गए किसान क्रेडिट कार्ड केसीसी प्रकरणों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा हुई। जिला पंचायत सीईओ ने लंबित प्रकरणों को शीघ्र स्वीकृत करने और विभागीय अधिकारियों को बैंकर्स के साथ समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक प्रकरण प्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से संबंधित ऋण स्वीकृति की प्रगति की भी समीक्षा की और हितग्राहियों को सरल एवं त्वरित ऋण उपलब्ध कराने के लिए कहा। जिला पंचायत सीईओ श्री यादव ने कहा कि जिले में शत प्रतिशत डिजिटलाइजेशन सुनिश्चित किया जाए ताकि वित्तीय समावेशन को गति मिले। उन्होंने मोबाइल बैंकिंग सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और आमजन तक बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाने पर विशेष जोर दिया। बैठक में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई।



## राउरकेला चैंबर भवन में पुलिस प्रशासन का जनता से सरोकार

**राउरकेला।** शहर की कानून व ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर बुधवार रात राउरकेला चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सभागार में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम रात 7.30 से 9.30 बजे तक चला। मुख्य अतिथि के रूप में पश्चिमांचल डीआईजी बृजेश राय और राउरकेला एसपी नितेश वाधवानी मौजूद रहे। स्वागत समारोह में उन्हें पुष्पगुच्छ और भगवान जगन्नाथ की तस्वीर भेंट की गई। कार्यक्रम में चैंबर के पदाधिकारी, पूर्व अध्यक्षगण और करीब सौ उद्यमी व कारोबारी शामिल हुए। जन संवाद में कारोबारियों ने शहर की मुख्य सड़कों पर यातायात अव्यवस्था पुराने स्टेशन रोड पर दुर्घटनाओं के बाद कानून व्यवस्था और सिटिजन कार्ड से जुड़ी समस्याओं पर खुलकर अपनी राय रखी। डीआईजी बृजेश राय व एसपी नितेश वाधवानी ने धैर्यपूर्वक सभी सुझाव सुने और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने कहा कि कानून और ट्रैफिक से जुड़ी छोटी बड़ी शिकायतों का त्वरित निपटारा किया जाएगा तथा नागरिक स्थानीय थाने और डायल 112 की मदद लें। कार्यक्रम में मंच पर आलोक लोसलका शुभम कपूर व अन्य उपस्थित थे। वहीं पूर्व अध्यक्ष बिनोद शर्मा, महेश वजीर, शुभ पटनायक व अनुपम दोषी सहित कई वरिष्ठ उद्यमियों ने भी भाग लिया। डीआईजी और एसपी ने चैंबर द्वारा आयोजित इस संवाद की सराहना की और आश्वस्त किया कि जनहित में दिए गए सुझावों को प्राथमिकता से लागू किया जाएगा।

## कुत्ते के काटने से 8 घायल, गुस्साए लोगों ने कुत्ते को मार डाला

**राउरकेला।** बोनाई क्षेत्र में आवारा कुत्ते ने जमकर आतंक मचाया। उसके काटने से 8 लोग घायल हो गए, इसके बाद आक्रोशित लोगों ने पीट-पीट कर कुत्ते को मौत के घाट उतार दिया। यह चौंकाने वाली घटना बोनाई के सुंढीकोण क्षेत्र में घटी। बताया जा रहा है कि यह आवारा कुत्ता घूम घूमकर इलाके में करीब 8 लोगों को काट चुका था। सभी घायलों को बोनाई मेडिकल ले जाया गया, जहां उन्हें एंटी रेबीज इंजेक्शन दिया गया। दूसरी ओर मधुपुर क्षेत्र में भी तीन चार लोगों को कुत्ते के काटने की खबर मिली है। चूँकि यह कुत्ता लगातार लोगों को काट रहा था, इसलिए इसे पागल कुत्ता बताया जा रहा है।



**TOP IN RAIGARH**
**GURUKRIPA COLLEGE** ADMISSION GUIDENS 2025-26 SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

**गंजेपन का ईलाज**

अत्याधुनिक तकनीक द्वारा केश प्रत्यारोपण
FUT एवं FUE तकनीक द्वारा
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

स्वामी जी-93406-38884


By Train- रिजर्वेशन कोच
**गंगा सागर तीर्थ यात्रा**
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविधा, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक: 13 नवंबर 2025, 18 दिसंबर 2025, 11 जनवरी 2026 मकर संक्रांति स्नान
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
**स्वामी तीर्थ यात्रा**
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com


रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
**स्पेशल ट्रेन**
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
**गंगा सागर यात्रा**
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411